# "साइबर अपराध का वर्तमान परिदृश्य एवं प्रबंधन" पर एक जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 22 मई 2024 को जनता कॉलेज बकेवर इटावा की एनसीसी इकाई के द्वारा, साइबर क्राइम थाना इटावा,पुलिस थाना बकेवर एवं अमर उजाला के सौजन्य से "साइबर अपराध का वर्तमान परिदृश्य एवं प्रबंधन" पर एक जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ४ यूपी बटालियन एनसीसी इटावा के कमांडिंग ऑफिसर एसपी साहब, विशिष्ट अतिथि बकेवर थानाध्यक्ष श्री राकेश कुमार शर्मा जी,थानाध्यक्ष साइबर थाना इटवा श्री तारीख खान, एचडीएफसी बैंक मैनेजर शाखा बकेवर श्री विजेंद्र द्विवेदी एवं साइबर थाना इटावा की पूरी टीम द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का संचालन कर रहे लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया उसके पश्चात दीप प्रज्वलित करने करने का आवाहन किया। दीप प्रज्वलन होने के पश्चात सभी अतिथियों ने मंच पर अपना स्थान ग्रहण किया। इसके बाद लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने सर्वप्रथम मुख्य वक्ता चौकी इंचार्ज बकेवर आर पी सिंह को आमंत्रित किया और साइबर क्राइम पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की ,इसी क्रम में साइबर थाना इटावा से पधारे कंप्यूटर ऑपरेटर अभय यादव जी ने साइबर क्राइम से संबंधित बहुत ही बृहद और उपयोगी जानकारी हमारे कैडेट्स को प्रदान की उन्होंने बताया की अगर आपके फोन पर किसी ऐसे नंबर से कॉल आती है जो आपके संपर्क में नहीं तो उसका जबाव बिना प्रमाणीकरण के न दे। तत्पश्चात थानाध्यक्ष बकेवर श्री राकेश कुमार शर्मा जी ने बताया कि हमको साइबर क्राइम से अगर अपने आप को बचाना है तो जागरुक होना पड़ेगा। इसी क्रम में मुख्य अतिथि कमांडेंट एस पी सिंह ने भी बच्चों को साइबर क्राइम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम के अध्यक्ष कॉलेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने उक्त विषय कैडेट्स को उपयोगी जानकारियां प्रदान की ।कार्यक्रम के अंत में लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने सभी आगंतुकों, अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की ।आज के इस कार्यक्रम में सभी एनसीसी कैडेट्स,साइबर थाना इटावा की पूरी टीम, थाना बकेवर की पूरी टीम,कॉलेज के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे ।





अमर उजाला युवा Youth

# सजगता ही साइबर अपराध का शिकार होने से बचा सकती

## अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से जनता कॉलेज में किया गया पुलिस की पाठशाला का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** सजगता ही साइबर अपराध का शिकार होने से बचा सकती है। यह सीख बुधवार को जनता कॉलेज में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस के पाठशाला कार्यक्रम में वक्ताओं ने दी।

पुलिस की पाठशाला

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनसीसी-4 यूपी के कर्नल एसपी सिंह ने कहा साइबर अपराध को केवल जागरूकता और सूझबूझ से बचाया जा सकता है। बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि मोबाइल फोन व सोशल मीडिया में अनजान व्यक्तियों को जगह न दें।

साइबर क्राइम पढ़ा लिखा व्यक्ति करता है। इसलिए साइबर क्राइम फोन के जरिए से ही होता है। इसलिए अपने स्मार्टफोन को सजगता के साथ चलाएं।

किसी भी अनजान व्यक्ति के कुछ भी कहने पर कही जाने वाली बात को न मानें।

साइबर सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर तारिक ने कहा साइबर अपराध बड़ी समस्या बनता जा रहा है, लेकिन यदि व्यक्ति थोड़ी सी सजगता से चले तो इसको रोका जा सकता है।

जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि एनसीसी के बच्चों को कॉलेज व अमर उजाला के सहयोग से पुलिस विभाग ने कई जानकारियां दी हैं। जो छात्राओं के जीवन में ही नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में काम आएंगे।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा। संवाद



जनता कॉलेज में हुई पुलिस की पाठशाला में कार्यक्रम में कैडेट्स। संवाद

### कैडिट की बात



कैडिट अमित गुप्ता ने बताया कि अमर उजाला और 4 यूपी बटालियन की ओर से सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें साइबर अपराध से जुड़ी कई अच्छी जानकारियां मिली हैं।



कैडिट पूजा ने बताया कि उन्हें इस कार्यक्रम में साइबर अपराध के बारे में बहुत जानकारी मिली। इनको वह अपने अन्य साथ के परिवार के लोगों को भी बताएगी। कई बार फेक कॉल समझ में नहीं आती हैं।



दीक्षा कहती हैं कि इस तरह के कार्यक्रम में जो जानकारी दी गई। उससे सजग रह कर साइबर अपराध से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमर उजाला की पाठशाला में अच्छी जानकारी मिली है।



प्रतीक्षा कहती हैं कि अमर उजाला की ओर से कराया गया कार्यक्रम बेहतर हुआ है। इसमें साइबर अपराध में काफी अच्छी जानकारियां पुलिस की तरफ से दी गई, जो बहुत लाभदायक है।

### आधार कार्ड, ओटीपी और अंगूठा सुरक्षित रखें

साइबर सेल के दीवान अभय सिंह यादव ने बताया कि व्यक्ति सिर्फ तीन चीज अपनी सुरक्षित रखें आधार कार्ड, ओटीपी और अंगूठा तो उसके साथ किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड नहीं हो सकेगा। क्योंकि साइबर फ्रॉड करने वालों को फोन कॉल के साथ-साथ आकर कोड, अंगूठा और आधार कार्ड इन सभी चीजों का प्रयोग करते हैं। किसी भी प्रकार की कॉल आने पर अगर उसको पैसे ट्रांसफर कर रहे हैं तो केवल एक सेकंड के लिए दिमाग में यह चीज लाइन की हम उसे पैसे क्यों ट्रांसफर कर रहे हैं। इतने में ही आपका दिमाग की सजगता जाग उठेगी और आपके साथ कोई साइबर फ्रॉड होने से बच जाएंगे। यदि आप अपराध साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं तो तत्काल 1930 नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं।

## एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बकेवर।** जनता विद्यालय इंटर कॉलेज में एनसीसी का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हो गया।

उद्घाटन में एनसीसी कमांडेंट कर्नल एसपी सिंह ने कैडेट को कैंप से जुड़ी गतिविधियों के बारे में बताया। इस दौरान युद्ध कला प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ड्रिल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कमांडेंट ने बताया कि गर्मी के चलते पानी का अधिक सेवन करना होगा। कहा कि यदि हम स्वस्थ हैं तभी हम किसी प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं।

कैंप में कोई भी कैडेट अनुशासनहीनता करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूबेदार मेजर साहब सिंह एवं केहर सिंह रहे।

शिविर के आयोजक लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने बताया कि शिविर में इटावा व औरैया की एनसीसी के 600 कैडेट प्रतिभाग कर रहे हैं। इनमें 200 गर्ल्स कैडेट व 400 बॉयज कैडेट हैं। (संवाद)

## बजरंग ने श

**बकेवर।** बजरंग स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में ईकरी में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन दो मैच खेले गए। पहले मैच में बजरंग क्रिकेट क्लब लखना ने टॉस जीता और गेंदबाजी का निर्णय लिया।

शक्ति क्लब लखना की पूरी टीम 13 ओवर में 94 रन पर ऑल आउट हो गई। बजरंग लखना की तरफ से पंकज ने तीन ओवर में चार विकेट और अमन ने तीन ओवर में तीन विकेट लिए। 94 रन के स्कोर का पीछा करने उतरी बजरंग क्लब लखना की टीम ने कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया और 78 रन पर

# जनता कालेज में एनसीसी कैडिट्स को साइबर क्राइम रोकने की दी गई जानकारी

## पुलिस साइवर टीम ने बचने के बताए गुर



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व एनसीसी कैडिट्स।

इटावा, 22 मई। जकनता कालेज बकेवर में चल रहे एन सीसी प्रशिक्षण शिविर में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक थाना बेकवर एवं साइबर थाना टीम, इटावा द्वारा कालेज में साइबर पाठशाला आयोजित कर साइबर क्राइम से विद्यार्थियों/एनसीसी कैडेट्स को सचेत किया गया। आज बकेवर कालेज में सी पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शीर्षक साइबर क्राइम का वर्तमान परिदृश्य तथा प्रबंधन के तहत वर्तमान परिदृश्य के दौरान होने वाली ठगीध्अपराधों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुये छात्र-छात्राओं/एनसीसी कैडेट्स से संवाद कर उनको साइबर ठगी से बचाव के संबंध मे जानकारी दी गई जिससे वह ऑनलाइन ठगी का शिकार होने से बच सकें। जागरूकता अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा द्वारा छात्रो को जागरूक करते हुए बताया कि वह किसी भी अंजान नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को रिसीव न करें। वीडियो कॉल उठाते समय सावधानी बरते। अनजान व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले वीडियो कॉल के सामने कभी भी अपना चेहरा कैमरे के सामने न लाए। ओटीपी और पासवर्ड किसी को न बताएं। केवाईसी के लिए कोई व्यक्ति आपको फोन करता है तो उसको ओटीपी, पैन नंबर और पासवर्ड न बताएं। अनजान लिंक पर क्लिक न करें। इस तरह की सावधानी बरतने के साथ ही ऑनलाइन होने वाली ठगी से बच सकते हैं इस दौरान साइबर थाना पुलिस टीम इटावा द्वारा विद्यार्थियों को महिला हेल्पलाइन नंबर- 1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 181, यूपी 112, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर संबंधित थाना/साइबर सेल इटावा, साइबर हेल्पलाइन 1930, साइबरक्राइम गवर्नमेंट इन अथवा यूपी सीओपी पर शिकायत दर्ज करायें।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना तारिक खान एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी तथा एनसीसी के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# साइबर पाठशाला आयोजित कर एनसीसी कैडेट्स को किया सचेत

**⊙ जनता इण्टर कालेज बकेवर में लगी साइबर पाठशाला,**



**भास्कर ब्यूरो,**

बकेवर/इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक थाना बेकवर एवं साइबर थाना टीम ने जनता इण्टर कालेज बकेवर में साइबर पाठशाला आयोजित कर साइबर क्राइम से विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स को सचेत किया।

जनता इण्टर कालेज बकेवर इटावा में साइबर पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शीर्षक साइबर क्राइम का वर्तमान परिदृश्य तथा प्रबंधन के तहत वर्तमान परिदृश्य के दौरान होने वाली ठगी/अपराधों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुये छात्र-छात्राओं/ एनसीसी कैडेट्स से संवाद कर उनको साइबर ठगी से बचाव के संबंध मे जानकारी दी गई जिससे वह ऑनलाइन ठगी का शिकार होने से बच सकें। जागरूकता अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा द्वारा छात्रो को जागरूक करते हुए बताया कि वह किसी भी अंजान नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को रिसीव न करें। वीडियो कॉल उठाते समय सावधानी बरते । अनजान व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले वीडियो कॉल के सामने कभी भी अपना चेहरा कैमरे के सामने न लाए। ओटीपी और पासवर्ड किसी को न बताएं। केवाईसी के लिए कोई व्यक्ति आपको फोन करता है तो उसको ओटीपी, पैन नंबर और पासवर्ड न बताएं। अनजान लिंक पर क्लिक न करें। इस तरह की सावधानी बरतने के साथ ही ऑनलाइन होने वाली ठगी से बच सकते हैं। इस दौरान साइबर थाना पुलिस टीम इटावा द्वारा विद्यार्थियों को महिला हेल्पलाइन नंबर- 1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 181, यूपी 112, साइबर ' इम हेल्पलाइन नं0 1930 आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर संबंधित थाना/साइबर सेल इटावा, साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करायें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना तारिक खान एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी तथा एनसीसी के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।